दिल ढूंढ़ता कहा है मेरा श्याम

दिल ढूंढ़ता कहा है मेरा श्याम,
मुझे तो मेरा श्याम चाहिए....

श्याम ना मिला तो हम जोगी बन जाएंगे,
जन्म जन्म के रोगी बन जाएंगे,
मेरा श्याम तो बसा है परन प्राण,
मुझे तो मेरा श्याम चाहिए.....

श्याम से प्रेम मेरा सदियों पुराना है,
भूल गये श्याम अब याद दिलाना है,
मेरी श्याम से पुरानी पहचान,
मुझे तो मेरा श्याम चाहिए.....

श्याम ना मिला तो मुझे चैन नहीं आएगा,
श्याम के बिना तो मेरा सांस रुक जाएगा,
मेरे श्याम मे अड़ी मेरी जान,
मुझे तो मेरा श्याम चाहिए.....

जानती हु श्याम मुझे गले से लगाएंगे,
जन्म जन्म के रोग मिट जाएंगे,
मेरे श्याम तो करेंगे बेडा पार,
मुझे तो मेरा श्याम चाहिए.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29675/title/dil-dhundta-kaha-hai-mera-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |